साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 3 । अंक : 51 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 27 जुलाई से 2 अगस्त 2023 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5


## पुराने विवाद को लेकर लाठी से प्रहार

गोंदिया-आमगांव काली मंदिर समीप निवासी रोहित दयाराम गौतम के साथ पुराने विवाद को लेकर आरोपियो ने विवाद शुरू किया और गैर कानूनी तरीके से साथियो को एकत्रित कर शिकायतकर्ता रोहित गौतम की लातो- बुक्को के अलावा लाठियो से मारपीट कर घायल कर दिया गया। उपरोक्त घटना शनिवार को सामने आई है।



# 58 करोड़ का ऑनलाइन गेम धोखाधड़ी ,गोंदिया के क्रिकेट बुकी सोन्टु जैन के घर से 10 करोड़ से अधिक नगद 2 किलो से ज्यादा सोना जप्त नागपुर क्राइम ब्रांच की कार्रवाई आरोपी फरार





**बुलंद गोंदिया ।( नवीन अग्रवाल )**-गोंदिया के कपड़ा व्यवसाई व क्रिकेट बुकिंग अनंत उर्फ सोन्टु नवरतन जैन द्वारा नागपुर के एक व्यापारी के साथ ऑनलाइन गेम के माध्यम से 58 करोड रुपए की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में नागपुर क्राइम ब्रांच द्वारा सोन्टु जैन के सिविल लाइन काका चौक स्थित निवास पर 22 जुलाई की सुबह छापामार कारवाई कर करीब 10 करोड रुपए से अधिक की नगद राशि व दो किलो के आसपास सोने के बिस्किट जेवरात चांदी व जमीन के दस्तावेज जप्त किये।

उपरोक्त इस कार्रवाई के संदर्भ में नागपुर के पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार द्वारा पत्र परिषद नागपुर में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अनंत उर्फ सोन्टु नवरतन जैन व फरियादी पुराने मित्र हैं। जिसका लाभ लेते हुए आरोपी द्वारा गत डेढ़ वर्षो से फरियादी को ऑनलाइन जुआ, रमी, क्रिकेट सट्टा की लत लगाते हुए करोड़ों रुपए कमाने का लालच दिया वह उसे ऑनलाइन सट्टेबाजी गेम की लिंक, यूजर नेम, पासवर्ड भेजकर इस पर सट्टा लगाने के लिए कहा।

इसके लिए उसे कॉइन या पॉइंट दिए जाते थे जिसके माध्यम से वह सट्टा खेलता था किंतु इसमें शिकायतकर्ता भारी रकम हार चुका था जिसे रिकवर करने के लिए अपने दोस्तों से उधार पैसा लेकर बार-बार ऑनलाइन गेम में पैसा लग रहा था लेकिन इसके बावजूद भी उसे फायदा नहीं हुआ तथा इस दौरान फरियादी द्वारा करीब 63 करोड रुपए का ऑनलाइन गेम खेला जा चुका था तथा बीच-बीच में उसे कुछ राशि जीता दी जाती थी जिसमें 58 करोड रुपए की धोखाधड़ी उसके साथ की।

जब शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि उसके साथ भारी धोखाधड़ी हुई है तो उसके द्वारा आरोपी से अपने रुपए वापस मांगे तब आरोपी द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देकर 40 लाख की फिरौती की मांग की।

इस मामले में शिकायतकर्ता द्वारा 2 दिनों पूर्व नागपुर पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई शिकायत दर्ज होने के पश्चात कमिश्नर द्वारा क्राइम ब्रांच व साइबर सेल का एक विशेष पथक बनाकर गोंदिया स्थित आरोपी सोन्टु जैन के सिविल लाइन स्थित निवास स्थान पर छापामार कार्रवाई की जिसमें देर शाम तक 10 करोड रुपए से अधिक की नगद राशि 2 किलो से अधिक का सोना व भारी मात्रा में चांदी व बेनामी संपत्ति के कागजात बरामद हुए। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान आरोपी सोन्टु जैन फरार हो गया था।

नागपुर में मामला दर्ज ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में शिकायतकर्ता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर नागपुर साइबर पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 420, 468, 386,120,(ब)66(ड) के तहत मामला दर्ज किया गया है

नोटों का अंबार दिन भर चली गिनती अनंत उर्फ सोन्टु जैन के सिविल लाइन स्थित निवास स्थान पर नागपुर क्राइम ब्रांच द्वारा छापामार कारवाई किए जाने पर उसके घर से 10 करोड रुपए से अधिक की नगद राशि व किलो के हिसाब से सोना हुआ चांदी पाया गया तथा नोटों को गिनने के लिए दो से तीन मशीन लगाई गई थी तथा इस दौरान पूरे कमरे में नोटों का भारी अंबार दिखाई दे रहा था।

ऑनलाइन गेमिंग के अंतरराष्टीय तार जुड़े होने की संभावना क्रिकेट बुकी के साथ-साथ अब ऑनलाइन गेम के भी जाल बड़े पैमाने पर फैल चुका है जिसके तार ग्रामीण क्षेत्र से के साथ-साथ महानगरों व अंतराष्टीय स्तर पर भी जुड़े हुए हैं। तथा इसमें प्रतिदिन लोग भारी राशि हारकर अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर रहे हैं।

### पीड़ितों और शिकायतकर्ताओं के बढ़ने की संभावना

इस मामले में पहली बड़ी कार्रवाई होने के पश्चात और भी अधिक ऑनलाइन सट्टा गेम के पीड़ितों व शिकायतकर्ता के सामने आने की संभावना है। जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ विदर्भ के अन्य शहरों का भी के भी पीड़ितों की संख्या सामने आ सकती है जिससे ऑनलाइन गेमिंग धोखाधड़ी के और अधिक मामले दर्ज हो सकते है।

## बुजुर्ग पर लाठी से हमला



**गोंदिया** -गोरेगांव थानांतर्गत ग्राम हिरडा माली निवासी फरियादी जियालाल ताराचंद कटरे (60) एवं आरोपी का खेत के पानी को लेकर पुराना विवाद है। इस विवाद के कारण आरोपी ने फरियादी पर लाठी से हमला कर दिया। इतना ही नहीं तो आरोपी ने लात-घुसों से उसके साथ मारपीट कर गालीगलौज की एवं फिर से मारने की धमकी दी। यह घटना 20 जुलाई को हुई। फरियादी की शिकायत मामला दर्ज किया है।

## पुरी अहमदाबाद सुपर फास्ट एक्सप्रेस के जनरल कोच से 7 लाख रुपए का गांजा जप्त गोंदिया आरपीएफ की कार्रवाई




**बुलंद गोंदिया।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्कोस के तहत गुप्त जानकारी के आधार पर 22 जुलाई को गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ट्रेन क्रमांक 12843 पुरी अहमदाबाद सुपरफास्ट के जनरल कोच से लाखों रुपए की कीमत का 6 किलो 640 ग्राम मादक पदार्थ गंज जप्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक वी.के तिवारी के नेतृत्व में जवानों द्वारा गोंदिया स्टेशन परिसर व यात्री गाड़ियों में अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए ऑपरेशन नार्कोस के तहत विशेष निगरानी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त जानकारी प्राप्त हुई की ट्रेन क्रमांक 12843पुरी अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी की जा रही है। ट्रेन के गोंदिया प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर 3ः10 पर आगमन के पश्चात गाड़ी के पीछे गार्ड की बोगी से लगे तीसरे जनरल डब्बे को चेक करने पर एक चमकीले रंग का ट्रॉली बैग मिला जिसके के संदर्भ में कोच में बैठे यात्रियों से पूछताछ किए जाने पर किसी भी यात्री द्वारा बैंक के मालिक के संदर्भ में किसी कोई जानकारी नहीं दी गई। उसके पश्चात कार्रवाई करते हुएबैग को जप्त कर राजपत्रित अधिकारी विकास सोनवणे अपर तहसीलदार गोंदिया की उपस्थिति में पंचों के समक्ष खोलकर देखा गया वह जांच की गई तो उसमें खाकी रंग के चार पैकेट पाए गए जिसमें नशीला पदार्थ गांजा पाया गया। इसके पश्चात बैग को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लाया गया वह अधिकारियों व गवाहों के समक्ष उसका वजन कर उसमें से सैंपल निकाल कर जांच किए के लिए भेजा गया तथा आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गोंदिया रेलवे पुलिस के सुपुर्द मामला दिया गया। उपरोक्त मामले में लाखों रुपए की कीमत का 6 किलो 440 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया। उपरोक्त कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल के पुलिस अधीक्षक, उपअधीक्षक के दिशा निर्देश अनुसार गोंदिया रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी विनोद तिवारी के नेतृत्व में की गई।

## आसमानी बिजली का कहर- 3 महिला1 पुरुष व 1 मवेशी की मौत,10 जखमी





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में शुक्रवार 21 जुलाई की दोहपर आसमानी बिजली कहर बनकर टूट पड़ी विभिन्न स्थानों पर गिरी आसमानी बिजली के चलते 3 महिलाओं 1 पुरुष व 1 मवेशी की मौत हो गई वहीं 10 लोग जख्मी हो गए। आसमान में कड़कती बिजली व गरजते बादल के साथ हुई बारिश ने जिले में कहर बरपा दिया तथा विभिन्न स्थानों पर दोपहर ढाई से 3ः00 बजे के दौरान गिरी आसमानी बिजली के चलते 3 महिलाओं 1 पुरुष व 1 मवेशी की मौत हो गई वहीं 10 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए वह सभी मामलों में कृषि कार्य के दौरान खुले आसमान के नीचे घटना घटित हुई है।

**पहला मामला**- तिरोडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम नवेझरी निवासी महिला भंडारा जिले के मोहाड़ी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम नीलज निवासी सूर्य प्रकाश बोंद्रे के खेत में धान के रोपे बुवाई का कार्य करने गई थी। इसी दौरान दोपहर 2.30 बजे के दौरान सभी खेत के धर पर बैठकर खाना खा रहे थे तभी आई अचानक मूसलाधार बारिश व कड़कड़ाती बिजली कहर बनकर टूट पड़ी जिसमें नवेझरी निवासी लता वाढवे 50 वर्ष, वच्छला बावनथडे उम्र 50 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई व अन्य पांच महिलाएं जख्मी हो गई।

**दूसरा मामला**- सड़क अर्जुनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम घाटबोरी /तेली निवासी ओमदास सखाराम वाघाडे जब अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था इसी दौरान आसमानी बिजली गिरने से उसकी भी घटनास्थल पर मौत हो गई।

**तीसरा मामला** - देवरी तहसील के अंतर्गत तहसील के ग्राम शिलापुर भोयरटोला निवासी ललिता कैलाश राऊत, 35,की भी बिजली गिरने से मौत हो गई वह चार महिला व एक पुरुष गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**चौथा मामला** - आमगांव तहसील मैं बिजली गिरने से नरेश सुखदेव धुर्वे के मालकियत के एक बैल की भी मौत हो गई।

## सहायक सरकारी अभियोक्ता पद पर एड. रंजीता शुक्ला( अग्रवाल )नियुक्त



**बुलंद गोंदिया।** पिछले 1 साल से एमपीएससी के माध्यम से परीक्षा की तैयारी कर गोंदिया जिला एवं सत्र न्यायालय में प्रेक्टिस कर रही अधिवक्ता रंजीता राजेन्द्र कुमार शुक्ला (अग्रवाल) की हाल ही में एमपीएससी के माध्यम से सहायक सरकारी अभियोक्ता के पद पर नियुक्ति हुई है।अधिवक्ता रंजीता शुक्ला (अग्रवाल) की इस नियुक्ति से गोंदिया में हर्ष का वातावरण है। विशेष है कि अधिवक्ता रंजीता ने अपनी प्राथमिक शिक्षा एस.एस.गर्ल्स स्कूल गोंदिया से और माध्यमिक शिक्षा एन.एम.डी. कॉलेज, गोंदिया से पूरी की। वह 1 साल से इस परीक्षा की तैयारी कर रही थी. इससे पहले वह गोंदिया में सहायक कानूनी सहायता बचाव वकील के रूप में नियुक्त थीं और जिला एवं सत्र न्यायालय गोंदिया में प्रैक्टिस कर रही थीं। उनके पिता स्वर्गीय राजेंद्र शुक्ला का सपना था कि वह उनके सामने कोर्ट में प्रैक्टिस करें और अपने क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान हासिल करें। उन्होंने अपने पिता के सपनों को पूरा कर साबित कर दिया कि निरंतर कठिन परिश्रम से कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने अपने पद नियुक्ति पर माता-पिता, अपने ससुराल वाले श्री जयप्रकाश अग्रवाल (दिल्ली वाले), पति कुशल अग्रवाल और परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें यह मुकाम हासिल करने में हौसला दिया।

## 4 वर्षीय मासूम की ग्राम पंचायत कंपाउंड के पानी भरे गड्ढे में गिरकर मौत



**बुलंद गोंदिया। (संवाददाता अर्जुनी मोरगांव)**- गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खामखुर्रा की लापरवाही के चलते एक चार वर्षीय मासूम की ग्राम पंचायत कार्यालय के कंपाउंड के कालम के लिए खोदे गए पानी के गड्ढे में गिरकर गुरुवार 20 जुलाई की शाम 5.00 बजे के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत खामखुर्रा की ग्राम पंचायत इमारत व अंगणवाडी के परिसर में कंपाउंड चारदीवारी का निर्माण महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार हमी योजन अंतर्गत के लिए कालम के गड्ढे खोदे गए थे। जिसमें बारिश का पानी भर गया था। ग्राम पंचायत द्वारा इस और किसी भी प्रकार के सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए थे। जिसके चलते खामखुर्रा निवासी हिवराज कोड्डे, का 4 वर्षीय बालक चिराग हिवराज कोड्डे,यह गुरुवार 20 जुलाई की शाम 5.00 बजे के दौरान खेलते खेलते अचानक कलाम के पानी भरे गड्ढे में गिर गया जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी ग्रामवासियों को मिलते ही ग्राम पंचायत परिसर में बड़ी संख्या में जमा हो गए तथा स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस घटना की जानकारी अर्जुनी मोरगांव पुलिस थाने को मिलते ही पुलिस निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को विच्छेदन के लिए ग्रामीण चिकित्सालय अर्जुनी मोर गांव में भेजा तथा फिलहाल समाचार लिखे जाने तक तहसीलदार अर्जुन मोरगॉव व पुलिस निरीक्षक घटनास्थल पर मौजूद थे। व पुलिस ने परिसर में सुरछा कड़ी की।

## बिजली गिरने से ग्राम ईटखेडा के 6 कृषि मजदूर जखमी



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम ईटखेडा में गुरुवार 20 जुलाई की दोपहर 12.00 बजे के दौरान कृषि कार्य कर रहे मजदूरों के ऊपर बिजली गिरने से 6 कृषि मजदूर जख्मी हो गए । प्राप्त जानकारी के अनुसार ईटखेड़ा निवासी खेती मालक नानाजी उरुकुड़ा लांजेवार की मौज डोंगरगांव रिटी स्थित खेत परिसर में गुरुवार 20 जुलाई की दोपहर 12 बजे के दौरान अचानक आसमानीबिजली गिर गई ।जिसमें कृषि कार्य कर रहे 6 मजदूर जख्मी हो गए। जख्मी मजदूरों में तनुजा मोहन दरवड़े 35 वर्ष, शीतल प्रशांत सुखदेवे 34 ,शीला धनंजय लाडगे 35, प्रीति सुशील रंगारी, प्रीति नितेश गोंडाने, सूरजारानी सोमदास गोंडाने सभी बिजली का करंट लगने से जख्मी हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अर्जुनी मोरगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया जिनमें तीन मजदूरों को उपचार के पश्चात घर भेजा गया वहीं तनुजा मोहन दरवड़े गंभीर रूप से जख्मी हो गई उपरोक्त घटना की जानकारी तहसीलदार अर्जुनी मोर गांव को दी गई।

संपादकिय...

## व्हीआईपी कल्चर की बीमारी

सुप्रीम कोर्ट के CJI डी वाई चंद्रचूड़ ने जजों को पत्र लिखकर कहा कि वे अपने विशेषाधिकारों का इस्तेमाल समझदारी से करें ताकि कोई दूसरा इससे प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जजों को जो सुविधाएं मिलती हैं, उनका इस्तेमाल खुद को ऊंचा दिखाने के लिए नहीं करना चाहिए। CJI (चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया) डी वाई चंद्रचूड़ के सामयिक दखल ने जुडिशरी से जुड़े एक विवाद को और अप्रिय रूप लेने से पहले ही खत्म कर दिया। उन्होंने गुरुवार को हाईकोर्टों के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर कहा कि जजों को अपने विशेषाधिकार के इस्तेमाल को लेकर सतर्क रहना चाहिए। उनकी यह पहल खास तौर पर उस विवाद के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जो इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज की तरफ से रेलवे अधिकारियों से जवाब तलब किए जाने की वजह से शुरू हुआ था। जज की ओर से रेलवे अधिकारियों के भेजे गए पत्र में कहा गया था कि दिल्ली से प्रयागराज की यात्रा के दौरान ट्रेन तीन घंटे लेट हो गई और बार-बार संपर्क किए जाने के बावजूद जज के कोच में न तो GRP के लोग पहुंचे और न पैंट्री कार के कर्मचारी। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था और लोगों की इस पर तरह-तरह की टिप्पणियां आ रही थीं। गौर करने की बात है कि ट्रेनों का तीन घंटे लेट होना अपने देश में कोई बड़ी बात नहीं है। अक्सर ट्रेनें इससे बहुत ज्यादा लेट हो जाती हैं और यात्रियों को तमाम असुविधाएं झेलनी पड़ती हैं। रेलवे की सेवा में ये कमियां कोई अच्छी बात नहीं है और इस पर ध्यान देने की जरूरत है। अपनी सीमाओं के बीच रेलवे सेवाओं में सुधार लाने की कोशिश भी कर रहा है, लेकिन सचाई यही है कि लाखों यात्रियों को तमाम तकलीफों के बीच सफर करना पड़ता है। ऐसे में अगर कोई जज या कोई अन्य VIP सिर्फ इस वजह से नाराज हो जाएं कि उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप सुविधाएं क्यों नहीं उपलब्ध कराई गईं तो निश्चित रूप से पब्लिक के बीच इससे कोई अच्छा मेसेज नहीं जाएगा। हालांकि अपने देश में VIP कल्चर की बीमारी पुरानी है, लेकिन जुडिशरी हो या समाज और व्यवस्था का कोई अन्य जिम्मेदार हिस्सा, उसे इस बीमारी से लड़ते हुए दिखना चाहिए, न कि इसे और बढ़ाते हुए। इस लिहाज से CJI चंद्रचूड़ का यह पत्र बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने इसमें साफ-साफ लिखा है कि जजों को प्रोटोकॉल के तहत जो सुविधाएं मिली हुई हैं, उनका इस्तेमाल खुद को पब्लिक से अलग या ऊंचा साबित करने या ताकत दिखाने के लिए नहीं करना चाहिए। इनका इस्तेमाल करते हुए ध्यान रखा जाना चाहिए कि इससे अन्य लोगों को किसी तरह की तकलीफ न हो और न ही इसकी वजह से जुडिशरी को सार्वजनिक आलोचना का पात्र बनना पड़े। CJI का यह पत्र भले ही किसी हाईकोर्ट के एक जज के आचरण के संदर्भ में लिखा गया हो, इसकी भावनाएं राजनीति और नौकरशाही से जुड़े उन लोगों पर भी लागू होती हैं, जो अपने विशेषाधिकारों का आनंद उठाना और इनकी नुमाइश करना अपनी आदत बना चुके हैं। उम्मीद है कि ऐसे तमाम लोगों के लिए यह पत्र एक सीख का काम करेगा।

# हैवानियत की घटना पर सर्वोच्च न्यायालय का कड़ा रुख







मणिपुर हिंसा के अब ऐसे घृणित पहलू उजागर होने लगे हैं, जो मानवता के लिए निहायत शर्मनाक हैं। मणिपुर में दो महिलाओं को कुछ पुरुषों द्वारा एक वीडियो मे नग्न अवस्था में घुमाते हुए दिखाने के खिलाफ प्रदर्शन करतीं महिलाएं । सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो प्रसारित हो रहा है, जिसमें बहुत सारे लोग दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमा रहे हैं। उनके साथ छेड़खानी भी होती दिख रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद स्वाभाविक ही सबका सिर झुक गया। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार से सख्त लहजे में कहा है कि इस पर तत्काल कार्रवाई करें, वरना हम करेंगे। प्रधानमंत्री ने भी चुप्पी तोड़ते हुए संसद में इस मामले को शर्मनाक बताया। मणिपुर पुलिस का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक कथित आरोपी को उसने गिरफ्तार भी कर लिया है। यह घटना चार मई की बताई जा रही है। यानी हिंसा शुरू होने के दूसरे दिन की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि करीब एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ उनके गांव में घुस आई, आगजनी और कत्लो-गारत शुरू कर दिया। पुलिस उन दोनों महिलाओं को अपनी गाड़ी में थाने ले जा रही थी। तभी भीड़ सामने आ गई और पुलिस उन्हें भीड़ के बीच गाड़ी से उतार कर चली गई।

इस घटना पर जब मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा कि ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। उन सबके बारे में जांच चल रही है। विचित्र है कि करीब ढाई महीने से मणिपुर में हिंसा हो रही है, वहशी भीड़ वहां की महिलाओं को शत्रु संपत्ति समझ कर उनके साथ हैवानियत की हद तक क्रूर व्यवहार और उनकी अस्मत को तार-तार कर रही है और राज्य सरकार तमाशाई बनी बैठी है। मुख्यमंत्री के बयान से यही जाहिर है कि ऐसी घटनाएं उनके लिए मामूली हैं। शर्म की बात है कि यह मध्ययुगीन मानसिकता आज भी खत्म नहीं हुई है, जब विजेता सेनाएं शत्रु पक्ष की महिलाओं की अस्मिता के साथ इसी तरह खिलवाड़ करती और कुचलती देखी जाती थीं। पीड़ित महिलाएं कुकी समुदाय की बताई जा रही हैं।

छिपी बात नहीं है कि पिछले ढाई महीने से किस कदर वहां की कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़पें जारी हैं और वे दोनों एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिहिंसा के भरे बैठे हैं। ऐसी स्थितियों में चूंकि महिलाएं सबसे आसान शिकार होती हैं और उनका अपमान कर जैसे पूरे समुदाय से बदला लेने का संतोष मिलता है, इसलिए जिन लोगों ने महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया उनके मन में भी यही भाव था। पीड़ित महिलाओं ने बताया है कि उनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया। हैरानी की बात है कि यह घटना पुलिस की जानकारी में हुई थी और उसने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और दोषियों की तलाश करने में तत्परता अब दिखाई है, जब उसका वीडियो प्रसारित होना शुरू हुआ। केंद्र सरकार को भी शायद अभी इसकी गंभीरता का अंदाजा हुआ है, जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि अगर केंद्र और राज्य सरकार ने संजीदगी दिखाई होती तो यह हिंसा बहुत पहले रुक गई होती। मगर न तो वहां की पुलिस इसे रोकने को लेकर गंभीर देखी गई और न राज्य सरकार ने दोनों समुदायों के बीच फैले भ्रम को दूर करने का कोई प्रयास किया। अब तक के सरकार के रवैए को देखते हुए बहुत से लोगों को भरोसा नहीं बन पा रहा है कि अब भी वह बहुत गंभीरता दिखाएगी।

## लघु सिंचाई उपविभाग की छत गिरी बाल बाल बचे कर्मचारी

**सालेकसा**-तहसील स्थित लघु सिंचाई उपविभाग कार्यालय जहा विविध काम इस कार्यालय से होते है । आज उस कार्यालय की स्थिति जर्जर अवस्था मे हो चुकी है और इसी कारण वश इस कार्यालय की छत गिर कर नीचे आ गई है द्य इस अवस्था मे आखिर प्रशासन दुसरे की रक्षा कर पायेगा ? या फिर यहा का कर्मचारी स्वयं सुरक्षित कैसे रहेगा ? इस तरह के विविध सवालो के कटघेरे मे आज शासन प्रशासन घिरा हुआ है। दिनांक 25 जुलै को दोपहर दो बजे की करीब यह घटना सालेकसा तहसील के पंचायत समिती परिसर स्थित लघु सिंचाई उपविभाग कार्यालय मे हूई। कार्यालय मे कर्मचारी अधिकारी अपने कार्य मे व्यस्त थे किस्मत से किसी भी अधिकारी कर्मचारी को हानी नही पहुची । हालाकी उसी समय वह कर्मचारी उस जगह से गुजर रहे थे, इस कार्यालय मे कार्यालय के उपरी भाग पर तीन का सेड बना हुआ है और उसके नीचे पलाई की पीओपी की हुई है। वही पीओपी राटर सहित नीचे गिरी। इस तरह के ऑफिस सालेकसा मे खतरो को संकेत दे रहे है। इस घटना से संपूर्ण जिले मे चर्चा का विषय बना हुआ है। वरिष्ठ लिपिक, लघु सिंचाई उपविभाग एन.डी. काळे ने कहा कि हम इस कार्यालय मे अपने काम मे व्यस्त थे और यहा घटना बडी दुर्घटना मे बदल सकती थी जिस कारण इस कार्यालय मे कार्य करना बडा मुश्किल हो चुका है। इस कार्यालय की पूरी इमारत जर्जर हो चुकी है।




## अत्याधिक शराब पीने से पिता-पुत्र की मृत्यु



**अर्जुनी मोरगांव**-अत्याधिक शराब के सेवन से ग्राम चान्ना बाक्टी निवासी गणराज आत्माराम वरखडे (65) एवं पुरुषोत्तम गणराज वरखडे (35) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों मृतक पिता- पुत्र है। पिता-पुत्र को शराब पीने की आदत थी। इस कारण घर में अशांति होने के साथ ही आर्थिक परिस्थिति का सामना घर के लोगों को करना पड़ रहा था। इससे गणराज की पत्नी घर छोड़कर अपने मायके चली गई थी। इसके बाद पिता और पुत्र ही घर में रह रहे थे। 24 जुलाई की रात दोनों ने जमकर शराब का सेवन किया। इस दौरान रात 9 बजे पुत्र पुरुषोत्तम की मौत हो गई वहीं 25 जुलाई को पिता गणराज वरखडे की भी मौत हो गई।

# जिले में पहली बार मध्य भारत का दूसरा नैनो लीडलेस पेसमेकर महिला के हार्ट में प्रत्यारोपण होप हार्ट हॉस्पिटल की बड़ी सफलता

## » गोंदिया की चिकित्सा सुविधा नागपुर, मुंबई स्तर की






**बुलंद गोंदिया।** जिले में अब मुंबई, हैदराबाद और नागपुर स्तर की उच्च स्तरीय चिकित्सा उपलब्ध हो गई है। हाल ही में एकगोंदिया निवासी 70 वर्षीय हार्ट पेशेंट महिला को आधुनिक नैनो टेक्नोलॉजी में विकसित लाइफ सेविंग लीडलेस पेसमेकर उनके हृदय में लगाकर उन्हें स्वस्थ्य करने में सफलता प्राप्त हुई है ।वह उनके हृदय की धड़कन को नियंत्रित किया गया

गोंदिया शहर के हार्ट स्पेशलिस्ट होप हार्ट हॉस्पिटल इस उपलब्धि पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई थी। इस प्रेसवार्ता में हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. प्रमेश गायधने ने बताया कि, पांच दिन पूर्व 70 वर्षीय महिला कौशल्या देवी को होप हार्ट हॉस्पिटल लाया गया था।

महिला की स्थिति गंभीर थी। उनके हृदय की धड़कन अत्यंत कम थी। उनके एक साइड में कैंसर लक्षण के चलते पूर्व में ऑपरेशन हुआ था, वही दूसरी साइड में हाथ में सूजन थी। ऐसे में उन्हें अस्थायी पेसमेकर लगाना मुश्किल था। महिला को बचाने का एकमात्र विकल्प हाल में विकसित हुई नैनो टेक्नोलॉजी लीडलेस पेसमेकर ही था।

पेशेंट के परिवार को जब इसकी जानकारी दी गई तो, उन्होंने बिना देरी किये लीडलेस पेसमेकर लगाने की सहमति दी । चूंकि ये पेसमेकर महंगा होने से इसे 24 घँटे के भीतर हॉस्पिटल में मंगवाया गया।


अबतक मध्य भारत में गोंदिया में होने जा रहा ये दूसरा प्रयोजन था, भारत में इस तरह हृदय में लीड लेस लगाने के कुल 138 के करीब मामले हुए है।

हार्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर प्रमेश गायधने ने अमेरिकन मैट्रोनिक माइक्रा एवी कंपनी का लीडलेस पेसमेकर उक्त महिला पेशेंट को बिना चिरा , टाके लगाए पैर के माध्यम से सूक्ष्म छेद कर इसे दिल में लगाने का सफल कार्य किया। इसमें खास बात ये रही कि महिला को होश में रखकर ये प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस सफल हृदय प्रक्रिया के दौरान मुंबई और कोलकाता से डॉक्टर टीम बुलाई गई।

डॉ. प्रमेश गायधने ने कहा, हमें खुशी है कि पेशेंट के परिजनों ने हम पर भरोसा किया। अधिकतर ऐसी जटिल चिकित्सा हेतु मरीज को नागपुर, मुंबई और हैदराबाद ले जाना पड़ता है। जहाँ लाखों रुपये लगते है। पर अब होप हार्ट में ऐसी सभी सुविधाएं अत्यंत कम दरों में उपलब्ध है। गोंदिया में अब नागपुर और मुंबई जैसी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है ।हार्ट अटैक दुनिया का सबसे बड़ा साइलेंट किलर डॉ. प्रमेश गायधने ने मीडिया के माध्यम से नागरिकों को बताया कि हार्ट अटैक दुनिया का सबसे बड़ा किलर है। इसे साइलेंट किलर कहते है जो हमें संभलने का मौका भी नही देता। हमें इस साइलेंट किलर से बचने प्रिपेयर होना जरूरी है। 30-40 साल की उम्र में आप बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल और थायराइड की अवश्य जांच कराएं ताकि हम सफल उपचार कर जीवन को स्वस्थ्य जी सकें।

## 2 वर्षीय मासूम के कट कर अलग हुए अंगूठे को डॉक्टर ओम बघेले ने जोड़ा सफलतापूर्वक





**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के ऑर्थोपेडिक के मशहूर चिकित्सक डॉक्टर ओम बघेले ने अपनी कामयाबी की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए 2 वर्षीय मासूम का दरवाजे की चपेट आकर कट कर अलग हुए , हाथ के अंगूठे को सफलतापूर्वक जोड़ने में कामयाब हुए व मासूम फिर से अपनी सामान्य स्थिति में आ गई। गौरतलब है की गोंदिया शहर भी अब स्वास्थ्य सेवा में महानगरों की श्रेणी में पहुंच रहा है। प्रतिदिन चिकित्सा क्षेत्र में क्षेत्र के युवा चिकित्सकों द्वारा अपनी सफलता के नए आई आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। इसी के अंतर्गत एक नया मामला सामने आया । गोंदिया शहर के युवा प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक चिकित्सा डॉक्टर ओम बघेले ने अपनी चिकित्सकीय कौशलता का परिचय देते हुए गोंदिया शहर में इसके पूर्व ना होने वाली शल्य चिकित्सा को शहर में ही सफलतापूर्वक पर कामयाबी प्राप्त की। जिसमें 2 वर्षीय मासूम नित अजय आहूजा के हाथ काअंगूठा दरवाजे की चपेट में आकर कट कर अलग हो गया था। ऐसी स्थिति में परिजन काफी घबरा गए थे वह एक दो जगह ले जाने पर अंगूठा ना जुड़ने की बात कही गई ।ईसी दौरान मासूम के बड़े पापा डॉक्टर अमर आहूजा द्वारा डॉक्टर ओम बघेले से संपर्क कर स्थिति से अवगत करा कर मासूम को डॉक्टर ओम बघेले के पास लेकर पहुंचे जहां उसकी जांच करने के पश्चात डॉक्टर ओम बघेले द्वारा इसे चुनौती में स्वीकार कर मासूम के अंगूठे का ऑपरेशन कर सफलतापूर्वक जोड़ने में कामयाब हुए। उपरोक्त ऑपरेशन डॉक्टर ओम बघेले द्वारा शहर के प्रसिद्ध हॉस्पिटल बजाज सेंट्रल हॉस्पिटल गोंदिया में की।



2 वर्षीय मासूम नित आहूजा का अंगूठा कट कर अलग हो जाने से परिजन काफी चिंतित हो गए थे, किंतु डॉक्टर ओम बघेले द्वारा उसे सफलतापूर्वक जोड़कर सामान्य स्थिति में लाये जाने पर परिजनों द्वारा डॉक्टर ओम बघेले को बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है की युवा ऑर्थोपेडिक चिकित्सा डॉक्टर ओम बघेले द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, दूरबीन द्वारा जोड़ों के आपरेशन व प्लास्टिक सर्जरी जैसे उपचार कर नागपुर मुंबई व अन्य महानगरों जैसी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा गोंदिया में ही उपलब्ध करवा रहे हैं। जिसका लाभ गोंदिया जिले के मरीजों के साथ-साथ बालाघाट व आसपास के जिले के मरीजों को भी हो रहा है अब उन्हें महानगरों की ओर नहीं देखना पड़ रहा है।

### चुनौती के रूप में लेकर किया ऑपरेशन

2 वर्ष या नीत आहूजा के बड़े पापा डॉक्टर आहूजा द्वारा हाथ से कट कर अलग हुए अंगूठे के संदर्भ में जानकारी दी तथा मासूम को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां उसकी जांच करने के पश्चात अंगूठा जोड़ा जा सकता है। इसकी जानकारी दी जिस पर मासूम के माता पिता द्वारा ऑपरेशन करने की सहमति दी जिस का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर अंगूठे को जोड़ा गया जिसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया था। अब बालिका का हाथ सामान्य स्थिति में आ चुका है।

**- डॉक्टर ओम बघेले**

# मोक्षधाम सेवा समिति ने मनाया तीसरा श्रावण पर्व



**गोंदिया**-जय श्री महाकाल सेवा समिति, जय श्री महाकाल महिला सेवा समिति व सर्व समाज मोक्ष धाम सेवा समिति की और से कल श्रावण पर्व के 3 रे सोमवार के उपलक्ष्य में वर्ष 3 रा मनाया गया. काल किन्नर समाज गोंदिया द्वारा भगवान शंकर जी का रुद्र अभिषेक कराया गया और शाम को 7 बजे किन्नर समाज गोंदिया के द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया था, इस कार्यक्रम के चलते भगवान शंकर जी की नंदी पे बैठ के बारात निकाली गई , पूरे मोक्षधाम में घुमाया गया, बारात में काफि संख्या में सर्व समाज के लोगो की उपस्तिथि थी, और साथ मे शाम को 7 बजे महाआरती में भी काफी संख्या में भक्तों की भीड़ मौजूद थी, सभी ने मिलके कार्यक्रम का लाभ उठाया और भगवान भोलेनाथ आशीर्वाद प्राप्त किया। महाआरती के बाद सभी भक्तों के लिए में महाप्रसाद का वितरण किया गया जिसमें उपवास की खिचड़ी व पुलावा रखा गया था , महाआरती के कार्यक्रम का सभी समाज के भक्तो ने लाभ उठाया, महाआरती में सिंधी समाज की काफी समति ने भी वहाँ आकर महाआरती व महाप्रसाद का लाभ उठाया।

# ट्रेनों में मोबाइल चुरानेवाला शातिर चोर पकड़ाया




**बुलंद गोंदिया**- रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा ट्रेन से यात्रिओं का मोबाइल चुराने वाले एक शातिर चोर को पकड़कर किया जीआरपी डोंगरगढ़ के हवाले किया गया. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे यात्री सुरक्षा अभियान के तहत नागपुर मंडल टास्क टीम 25 जुलाई को जब यात्री सामानो की सुरक्षा व अपराधिक घटनाएं की रोकथाम के लिए गोंदिया रेलवे स्टेशन में तैनात थी. इस दौरान ट्रेन क्र. 18110 के आगमन पर एक लड़का संदिग्ध परिस्थितियों में नजर आने पर इसकी गतिविधि पर नजर बनाए रखने गुप्त निगरानी करने पर पाया की यह संदिग्ध लड़का लगातार एक बोगी से दूसरे बोगी में जाकर यात्री सामानों की ओर बड़े गौर से देखता था. संदेह होने पर उसकी तलाशी लिए जाने पर इसके पॉकेट में एक मोबाइल बिना सिम का मिला. गहनता से पूछने पर इसने कबूल किया कि यह मोबाइल 2 दिन पहले टाटानगर एक्सप्रेस से एक यात्री से चुराया है. इस चोरी के संबंध में जीआरपी गोंदिया में मामला दर्ज होकर क्षेत्रधिकार के आधार पर यह मामला जीआरपी डोंगरगढ़ का होने के पर आरोपी राजनंदगांव निवासी पंकज खरे (20) को जीआरपी डोंगरगढ़ को अग्रिम कानूनी कार्यवाही के लिए सुपूर्द किया गया.

# फसल बीमा को लेकर शेंडा में किसानों का किया गया मार्गदर्शन



**सड़क अर्जुनी**-तहसील के शेंडा/कोयलारी अंतर्गत कृषि सहायक राजशेखर राणे के माध्यम से किसानों को फसल बीमा निकालने पर मार्गदर्शन किया गया। कोयलारी के कृषि सहायक राणे ने शेंडा में किसानों का मार्गदर्शन किया। इस समय दीपक लिल्हारे, सुबोध खोब्रागड़े, शुभम मेश्राम, धनलाल मानवटकर, नारायण पंधरे, तुलसीदास पंधरे, शैलेश उइके, दीपक बांते, संजय मानवटकर, प्रल्हाद बोरकर, रामलाल मरस्कोल्हे, सुधाकर सयाम, जीरालाल मेश्राम, सोमा वटी, सेवकराम परतेकी, मोहनलाल रामटेके, संदीप सोनवाने, राकेश वरखड़े आदि उपस्थित थे।

# चाकू की नोंक पर लुटनेवाले को 7 साल का कारावास व 1000 रु. का जुर्माना



**बुलंद गोंदिया**-जिला न्यायालय परिसर में गोविंदपुर निवासी नीरज उर्फ पिंटू श्रीवास्तव (35) ने अर्जीनवीस पर चाकू से हमला कर दिया था और उसका मोबाइल व 2 हजार रु. लुट लिया था. इस मामले मुख्य न्याय दंडाधिकारी अभिजीत कुलकर्णी ने आरोपी को 7 साल का सश्रम कारावास व 1000 रु. जुर्माने की सजा सुनाई है. रावणवाड़ी निवासी दीपक छगनलाल हरिनखेड़े जो न्यायालय क्षेत्र में अर्जीनवीस का काम कर रहे थे. इसी दौरान आरोपी नीरज उर्फ पिंटू श्रीवास्तव वहां आया और चाकू निकालकर हरिनखेड़े पर तान दिया. उनके पास से 2 हजार रु. और एक मोबाइल फोन चुरा लिया. दीपक हरिनखेड़े द्वारा मोबाइल और पैसे वापस मांगने पर आरोपी नीरज ने चाकू से उसके कान पर वार कर घायल कर दिया. इसकी जानकारी मिलने के बाद कोर्ट परिसर में उपस्थित वकील और गेट पर उपस्थित पुलिस ने नीरज को पकड़ लिया और उससे चाकू छीन लिया. मौका पाकर आरोपी मोबाइल फोन वहीं फेंककर भाग गया. आरोपी के खिलाफ शहर थाने में मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पैसे और चाकू जब्त कर लिया. आरोपियों के खिलाफ पुख्ता गवाह साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया. सुनवाई में आरोपी नीरज उर्फ पिंटू श्रीवास्तव को दोषी पाए जाने पर 24 जुलाई को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत कुलकर्णी ने आरोपी को 7 वर्ष सश्रम कारावास और 20 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनाई. सहायक पुलिस निरीक्षक सागर पाटिल ने दंडनीय अपराध की जांच की. सहायक सरकारी वकील मुकेश बोरिकर ने मामले की पैरवी की. न्यायालय की कार्यवाही हवलदार ओमराज जामकाटे, किरसन ने किया.

# खर्रा नहीं देने पर युवक पर हमला

**गोंदिया** -गंगाझरी पुलिस थानांतर्गत मुंडीपार निवासी फरियादी आकाश देवराम फुंडे (29) ग्राम सेजगांव से खर्रा लेकर घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते पर आरोपी ने उससे खर्रा मांगा तो उसने खर्रा देने से मना कर दिया। जिस पर आरोपी ने उसके साथ गालीगलौच कर तुझे छोडुगा नहीं ऐसी धमकी देकर घर से कुल्हाड़ी लेकर आया। इस दौरान उसने कुल्हाडी के डंडे से उसके सिर व हाथ की मनघटी पर प्रहार कर दिया। यह घटना 24 जुलाई को घटित हुई। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर गंगाझरी पुलिस ने भादंवि की धारा 324, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवलदार मनोहर अंबुले कर रहे है।

# मुंडीपार में 1.66 करोड़ रुपए से जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन



सालेकसा -सालेकसा तहसील के ग्राम पंचायत मुंडीपार (पानगांव) में 22 जुलाई को केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन अंतर्गत 1.66 करोड़ रुपए से जलापूर्ति योजना के काम का भूमिपूजन भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश सचिव व पूर्व विधायक संजय पुराम के हस्ते किया गया। इस समय तहसील अध्यक्ष गुणवंत बिसेन, प.स. सदस्य गुमानसिंग उपराडे, सरपंच चेतलाल हटीले, उपसरपंच योगेश्वरी बसोने, ग्रामपंचायत सदस्य प्रदीप मोहारे, हरीश नागपुरे, माजी सभापती उमेदलाल जैतवार, गोविंद वरखडे, मोहनसिंग उपराडे, जयलाल बसोने, राजू कटरे, लोकलाल उपराडे, मुन्नालाल उपराडे, डॉ. रमेश परसगाये, विदराम श्रीवार, पवनलाल कवास, उमेंद्रसिंग नागपुरे, चैनसिंग नागपुरे, निलेश उपराडे, मुलचंद बसोने, गजानन उपराडे, योगेश उपराडे, राजकुमार मोहारे, ललेश उपराडे, मुकेश लिल्हारे, ललित नागपुरे, हरिदास चौरीवार, किशोर बसोने, रमेश वाघमारे, रमेश परसगावे, राजेश मेश्राम, राजकुमार बसोने, महेश उपराडे, मुलचंद चौरिवार, कुवरलाल नाईक, सुनील मोहारे आदि उपस्थित थे।

# सड़क अर्जुनी- कोयलारी मार्ग हुआ खस्ताहाल

**सड़क अर्जुनी** -राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 6 स्थित शशिकरण पहाड़ी व पितांबरटोला ग्राम के पास ट्रॉफिक जाम हो रहा है। इससे राष्ट्रीय महामार्ग का यातायात सड़क-अर्जुनी-कोयलारी, शेंडा, पुतली मार्ग से देवरी को निकल रहा है। परिणामस्वरूप यह मार्ग खस्ताहाल हो गया है। राष्ट्रीय महामार्ग पर आए दिन ट्राफिक जाम हो रहा है। एसटी महामंडल की बस एवं चौपहिया वाहन इसी मार्ग से जाते हैं। इस मार्ग पर यातायात अधिक होने से इस मार्ग की हालत दयनीय अवस्था में पहुंच गई है। अनेक जगहों पर गड्ढे भी हो गए हैं। इसमें पानी जमा रहता है। इस मार्ग से नागरिकों को आने-जाने में काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर वाहनों की संख्या भी बड़े पैमाने पर देखी जा रही है।

# मिशन इंद्रधनुष को सफल बनाएं: डा.हुबेकर



**गोंदिया**-राष्ट्रीय मातृ शिशु देखभाल एवं टीकाकरण कार्यक्रम के तहत केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गोंदिया जिले में 7 अगस्त से मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान लागू किया जाएगा। इसी क्रम में मातृ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में मार्गदर्शक के रूप में वैद्यकीय अधिकारी डा. सुवर्णा बेकर, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद भावना कदम और बाह्य रोगी विभाग की अधिपरिचारिका नीलम शुक्ला, अर्चना वासनिक, नीलू चुटे, शालिनी कोरेटी, प्रियंका डोंगरे और रूपाली उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ. हुबेकर ने कहा कि टीकाकरण एक प्रभावी हथियार है। 0 से 5 वर्ष की आयु के कई बच्चे नियमित टीकाकरण से वंचित हैं। आंशिक रूप से प्रतिरक्षित बच्चे भी अक्सर बीमार पड़ जाते हैं। इससे शिशु मृत्यु दर भी बढ़ती है। मिशन इंद्रधनुष 5.0 में ऐसे अधूरे टीकाकरण वाले व टीकाकरण से छूटे बालकों का पंजीयन कर उनका टीकाकरण किया जाएगा। 17 जुलाई से आंगनवाड़ी सेविका एवं आशा सेविका घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। पार्षद कदम ने बताया कि टीकाकरण का मतलब है कि जब बच्चा कवर हो जाए तो मिशन इंद्रधनुष में अपने बच्चे को मुफ्त में टीका लगवाएं। बाई गंगाबाई महिला एवं बाल अस्पताल में बच्चों का नि:शुल्क टीकाकरण किया जाता है। इसका लाख लेने का आह्वान चुटे ने किया है। संचालन रामटेके ने किया।

# गोंदिया शहर की आबादी दो लाख के पार फिर भी शहर में प्रसाधनगृह सिर्फ चार

**बुलंद गोंदिया**-गोंदिया शहर की आबादी 2 लाख के पार हो चुकी है इसके बावजूद सार्वजनिक प्रसाधन गृहों की संख्या नहीं बढ़ पा रही है। शहर के अनेक सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सार्वजनिक प्रसाधन गृह की सुविधा नहीं होने के कारण नागरिकों को प्रसाधन गृह का उपयोग करने के लिए शासकीय, निजी व समीप के अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। बता दें कि गोंदिया नगर परिषद की आबादी 2011 के अनुसार 1 लाख 49 हजार के करीब है। लेकिन वर्तमान में आबादी ने 2 लाख से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया है। इतना ही नहीं तो गोंदिया जिले का मुख्यालय होने से प्रतिदिन हजारों की संख्या मैं नागरिक गोंदिया काम के लिए पहुंचते हैं। गोंदिया नगर परिषद द्वारा यहां पर आनेवाले तथा शहरवासियों के लिए



सार्वजनिक प्रसाधनगृह की सुविधा शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम, बस स्थानक मरारटोली, नगर परिषद कार्यालय व सब्जी मंडी में की है। लेकिन प्रसाधनगृह की संख्या कम होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के हृदय स्थल पर स्थित जयस्तंभ चौक बस स्थानक, सब्जी मंडी, कपड़ा मार्केट, रामनगर परिसर सहित अनेक सार्वजनिक स्थलों पर प्रसाधनगृह नहीं होने से सबसे अधिक दिक्कतों का सामना महिला वर्ग को करना पड़ता है। मजबूरन प्रसाधनगृह, का उपयोग करने के लिए समीप के अस्पताल, निजी, शासकीय कार्यालय के प्रसाधनगृह का सहारा नागरिकों को लेना पड़ रहा है। कई बार शहर के सामाजिक संगठन तथा महिला संगठनों ने गोंदिया नगर परिषद प्रशासन के समक्ष प्रसाधनगृह का सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण किया जाए, इस तरह की मांग रखी गई थी लेकिन इस ओर अनदेखी ही की जा रही है।

# डेढ़ सौ किलो टमाटर चुराकर गाँव की हॉट में बेच रहा था, पुलिस ने धरदबोचा




**बुलंद गोंदिया**-चोरी में हम अन्य तरह की खबरें आये दिन सुनते रहते है, पर आप सोच सकते है कि कोई टमाटर की भी चोरी कर सकता है? जी हाँ, ऐसा हुआ है गोंदिया की सब्जी मंडी में। एक चोर ने 150 किलो टमाटर और 30 किलो मिर्ची की चोरी कर डाली। ये चोरी उस मंहगाई के दौर में हुई है जब टमाटर के भाव आसमान छू रहे है। गरीबों को रोटी-चटनी खाना भी दुस्वार हो गया है। ऐसे में चोर ने बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में टमाटर ही चुरा लिया। पुलिस से मिली ख़बर मुताबिक 21 जुलाई को शहर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि, फिर्यादि किशोर नानुसाव धुवारे, निवासी पैकनटोली, बजाज वार्ड, गोंदिया की सब्जीमंडी स्थित दुकान में शटर का ताला तोड़कर किन्ही अज्ञात चोरों ने डेढ़ सौ किलो टमाटर (किंमत 11,500 रु.), 30 किलो मिर्ची (1800 रुपये) एवं गल्ले में रखी नकद रकम 2560 रुपये की चोरी हुई है। पुलिस ने इस शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए अज्ञात व्यक्ति की तलाश व तफ्तीश शुरू कर दी। पुलिस को गोपनीय जानकारी मिली कि गोंदिया तहसील के ग्राम पांढराबोडी में एक संदिग्ध व्यक्ति चैनलाल परसराम चिखलौंडे उम्र 58 वर्ष, निवासी जब्बरटोला ये बाजार में दुकान लगाकर टमाटर और मिर्ची की बिक्री कर रहा है। खबर लगते ही पुलिस टीम वहां पहुँच गई। वो व्यक्ति टमाटर और मिर्ची बेच रहा था। जब उससे थोड़ी कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने टमाटर और मिर्ची सब्जी मंडी गोंदिया की दुकान से चोरी करने का गुनाह कबूल किया। ये कार्रवाई शहर थाना पुलिस निरीक्षक श्री चंद्रकांत सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 380, 46 के तहत कर आगे की जांच पो. हवा. कवलपाल भाटीया, पो.स्टे. गोंदिया शहर कर रहे है।

# आप ने चलाया सड़कों में पानी से भरे गड्ढों पर बेशरम के पेड़ और कागज की नांव चलाओं अभियान



**बुलंद गोंदिया**-शहर की बदहाल सड़कों पर बनें गड्ढे, और उन गड्ढों में भरा बरसाती पानी से राहगीरों की जान ख़तरे में बन आयी है। 24 जुलाई को आम आदमी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शहर की इन बदहाल व्यवस्था पर जमा होकर इन गड्ढों में बेशरम के पेड़ व कागज की नाव चलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

आप ने शहर की इस बदहाली पर कहा, धन्यवाद नगर परिषद एवं हमारे नेताओं, जिनके रहमों करम से हमारा सुंदर गोंदिया इतना गड्ढों से भरा पड़ा है। विकास की बातें अखबारों में दिखती है, पर जमीन पर सिर्फ गड्ढे है। और उन गड्ढों में पानी। आप ने कहा, अंडर ग्राऊंड की अतिव्यस्त सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है पर इस सड़क को सुंदर बनाने वाला कोई दिखाई नही देता। शहर में हर जगह यही हाल है जहां सड़कों में गड्ढे बने हुए।

इन्ही गड्ढों में पानी भर जाने से आज आप कार्यकर्ताओ ने नेताओं को एवं नगर परिषद को ध्यानाकर्षन करने हेतु बरसाती पानी से भरे गड्ढों में बेशरम के पेड़ लगाएं एवं इस पानी में कागज की नाँव चलाकर विरोध प्रकट किया।

इस अभियान के तहत प्रमिला उइके, शीतल भीमटे, विनस भीमटे, साक्षी वासनिक, मिलन चौधरी, उमेश दमाहे एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकशाही दिवस 7 अगस्त को

**गोंदिया**-आगामी 7 अगस्त 2023 को सुबह 11 बजे लोकशाही दिवस का आयोजन जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में किया गया है। लोकशाही दिवस पर जिलाधिकारी गोतमारे द्वारा जनता की शिकायतों, परेशानियों व शिकायतों को सुना जाएगा और शासन के विविध विभागों के जिलास्तरीय प्रमुख अधिकारियों को उस संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश देंगे। जिलाधिकारी कार्यालय में लोकशाही दिन के मौके पर इस कार्यक्रम में जिन नागरिकों ने 15 दिनों पूर्व आवेदन किया था, केवल वे ही लोकशाही दिन में उपस्थित रहकर अपनी शिकायतें, परेशानियों को रख सकते हैं। यह आह्वान निवासी उपजिलाधिकारी स्मिता बेलपत्रे ने किया है।

# कलाकारों की सहायता करे सरकार: वड़गाये

सड़क अर्जुनी -सरकार ने कोरोना अवधि में कलाकारों को आर्थिक मदद देने की घोषणा की थी। लेकिन कलाकारों को अब तक मदद मिली ही नहीं है। ऐसे में तत्काल आर्थिक मदद देने की मांग जिला सांस्कृतिक सेल अध्यक्ष चेतन वड़गाये ने शासन से की है। उन्होंने बताया कि कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से महाराष्ट्र में कोरोना से बचाव के लिए प्रचार व प्रसार किया। इसके बाद सरकार ने कलाकारों के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की। प्रति कलाकार को 5 हजार रुपए देने की निर्णय लिया गया। इसके अनुसार प्रत्येक जिला व तहसील निहाय आवेदन भी मंगवाये गए। भंडारा, गड़चिरोली, चंद्रपुर, नागपुर, अमरावती के कलाकारों के खातों में घोषित आर्थिक मदद जमा भी की गई है। लेकिन गोंदिया जिले में कलाकारों को आर्थिक मदद नहीं मिली है। जिले के पालकमंत्री स्वयं सांस्कृतिक मंत्री होने के बावजूद कलाकार आर्थिक मदद से वंचित है। शासन द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान देकर जल्द से जल्द कलाकारों को आर्थिक मदद देने की मांग वड़गाये ने की है।

# पौष्टिक आहार लेकर बीमारी से दूर रहें : येरणे

खातिया -खातिया ग्राम पंचायत को कृषि सहायक एम. एन. येरणे ने भेंट देकर सरपंच ललित तावाडे को पौष्टिक आहार की एक किट प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने पौष्टिक आहार का सेवन कर बीमारी से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसान आज भी धान फसल एवं गेहूं जैसी फसल का उत्पादन बड़े पैमाने पर लेकर अपने रोज इनका सेवन करते हैं। इसके अलावा पौष्टिक आहार में उपयोगी रहने वाली दूसरे प्रकार की फसल वे नहीं लेते। राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए पौष्टिक आहार को लेने के लिए जनजागृति कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें ज्वार, बाज, नाचनी, राडा, वरई, कोद्रा, राजगिरा जैसे पौष्टिक अनाज का समावेश है। इसके सेवन करने से शुगर, कैंसर जैसी अनेक बीमारियों से दूर रह सकते हैं। इस अवसर पर उपसरपंच प्रकाश गिरेपुंजे, ग्राम पंचायत सदस्य विजेंद्र मेश्राम, सूरजलाल खोटेले, संगणक चालक प्रवीण खोटेले, ग्राम पंचायत परिचर आनंद बागडे उपस्थित थे।

# 9 वर्षो से लटकी पड़ी साकोली के भेल परियोजना की जगह पर स्थापित हो अन्य उद्योग धंदे- पूर्व पालकमंत्री डॉ. फुके

## उद्योग मंत्री उदय सामंत ने लिया एक्शन, भेल को जारी हुई अंतिम सूचना


**बुलंद गोंदिया**-भंडारा और गोंदिया जिले के शिक्षित, बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर निर्माण करने के उद्देश्य से भंडारा जिले के साकोली तहसील अंतर्गत ग्राम मुंडिपार में 270 किसानों से 510 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) कारखाना स्थापित किया जाएगा का खूब नगाड़ा बजाया गया, पर आज 9 साल बीत गए। उस अधिग्रहण की गई जमीन पर अबतक भेल प्रोजेक्ट ना आकर दोनों जिलों के बेरोजगार युवाओँ के साथ अन्याय किया गया। भेल के इस मामले को लेकर जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके शुरुवाती समय से संघर्षशील रहे और जिले में नए उद्योग स्थापित करने का उनका प्रयास रहा है। श्री फुके ने भेल परियोजना के लिए किसानों से ली गई मुंडिपार कि इस 510 एकड़ जमीन पर भेल द्वारा अबतक 9 सालों में कोई कार्य न करने पर तथा महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल द्वारा बार-बार नोटिस भेजने के बावजूद कोई जवाब न देना इसे गंभीर मामला बताया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके ने महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत से



मुलाकात कर भेल द्वारा संपादित की गई भूमि का मसला रख, इस भूमि पर एमआईडीसी के माध्यम से अन्य महत्वपूर्ण उद्योग धंदे शुरू करने की मांग शासन स्तर पर की। उन्होंने कहा, अगर उद्योग क्रांति के नए आयाम स्थापित होते है तो भंडारा और गोंदिया जिले के विकास को बढ़ावा मिलेगा। उद्योग मंत्री उदय सामंत ने डॉ. फुके द्वारा रखे गए इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेकर भेल ले प्रति कड़ा रुख दर्शाया और अंतिम नोटिस भेजने के निर्देश दिए। मंत्री श्री सामंत के निर्देश मिलते ही भेल को फाइनल नोटिस जारी कर 15 दिन में जवाब देने कहा है। अगर जवाब नहीं आता है तो एमआईडीसी उक्त जगह पर अन्य उद्योग धंदे हेतु शासन स्तर पर कार्रवाई करेंगी।

# डॉ. नीलेश जैन के घर पर गिरी बिजली, जनहानी नहीं

**बुलंद गोंदिया।** 21 जुलाई की दोपहर 3 बजे के दौरान आयी मूसलाधार बारिश और आसमानी बिजली के कहर ने जहाँ 4 जान लिल गई, वही बिजली के कहर का असर गोंदिया शहर में भी दिखाई दिया। शहर के बीजे हॉस्पिटल के विख्यात डॉक्टर, डॉ. नीलेश जैन के घर पर आसमानी आफत टूट पड़ी। दोपहर 3 बजे के आसपास आसमानी बिजली का गोला सीधे उनके गणेशनगर स्थित घर पर जा गिरा। डॉ. नीलेश जैन के पिता विजय जैन ने सवांददाता को बताया कि, बीजे हॉस्पिटल के पीछे ही उनका निवास स्थान है। सटकर ही डॉ. विकास जैन, डॉ. विवेक जैन का भी निवास है। दोपहर के दौरान मूसलाधार बारिश के चलते बिजली गुल हो गई थी। तभी घर की कुछ इलेक्ट्रॉनिक वस्तु, सीसीटीवी डीवीआर, फैन, टीवी, अमेजन फायर स्टिक, टाटा स्काई एवं वाईफ़ाई राऊटर इनवर्टर से चल रहे थे इसी दौरान आसमानी बिजली का कहर सीधे घर पर टूट पड़ा। संयोग से घर के ऊपरी भाग में थंडर केचर अर्थिंग रॉड लगी हुई थी। फिर भी बिजली ने रुद्र रूप दिखाते हुए स्लैब में गड्ढा कर सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया। सौभाग्य से इस प्राकृतिक आपदा में बिजली गुल होने से बड़ी क्षति होने से बच गई और किसी को कोई चोट नही आयी।



# विकासकामो में गती को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने जिलाधिकारी कार्यालय में ली गई समीक्षा सभा

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया विधानसभा क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल लगातार प्रयासरत हैं. भौतिक विकास के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक, स्वास्थ्य, पुनर्वास एवं व्यक्तिगत विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए विधायक विनोद अग्रवाल 24 जुलाई को जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक ली गई जिसमे जिलाधिकारी गोतमारे ने संबधित अधिकारी कर्मचारियों को सुझाव दिया कि विकास में आ रही बाधाओं को तुरंत दूर किया जाये। गोंदिया शहर के घनकचरा के लिए जगह उपलब्ध कराना, आयुष अस्पताल, बाई गंगाबाई अस्पताल, एमसीएच के लिए स्थान आरक्षित करना, केंद्रीय विद्यालय के लिए स्थान प्रदान करना, सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत ओबीसी छात्रों के लिए छात्रावास और लड़कियों के लिए छात्रावास के लिए स्थान आवंटित करना, जिला ग्रंथालय और पत्रकार भवन के लिए जगह प्रदान करना, सूचना कार्यालय के लिए स्थान प्रदान करके विशाल भवन का निर्माण करना, परसवाड़ा गांव के अंतर्गत बटालियन कैंप क्षेत्र में सड़कों और अतिक्रमण की समस्या का समाधान करना जैसे अनेक मुद्दे पर विधायक विनोद अग्रवाल ने जिलाधिकारी कार्यालय में सभी विभागों की समीक्षा बैठक की, जिसमें अनेक



समस्याओ को ध्यान में रखा गया। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि सभी संस्थानों एवं छात्रावासों के लिए जगह तय कर सरकार को शीघ्र प्रस्ताव भेजना चाहिए, ताकि जिला स्तर पर कोई परेशानी न हो. इसी तरह, उन्होंने यह भी समीक्षा की कि ज़िरुटोला में कुछ सरकारी सीटें कोरनीघाट बौद्ध समिति (ट्रस्ट) को कैसे उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा सामूहिक वन अधिकार के तहत बानाथर में लंबित दावों के तत्काल निराकरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। रजेगांव-काटी उपसा सिंचाई नहर के लिए अधिग्रहीत भूमि का किसानों को तत्काल मुआवजा दिये जाने के संबंध में उत्पन्न कठिनाई को देखते हुए उन किसानों को तत्काल मुआवजा दिये जाने के संबंध में शासन को प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये. इसके अलावा पुजारीटोला, कासा गांव के पुनर्वास हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंध में भी चर्चा की गयी. इस सभा में जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे, विधायक विनोद अग्रवाल पस.समिती मुनेश रहांगडाले सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# बाइक से गिरकर युवक की मृत्यु

**सालेकसा** -सालेकसा तहसील के ग्राम इसनाटोला निवासी 19 वर्षीय युवक महक राजेंद्र भांडारकर की 26 जुलाई को हुई सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार महक भांडारकर ग्राम साखरीटोला में स्थित पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क पर एक बस के पीछे मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान उसके वाहन का संतुलन खो जाने से वह वाहन सहित नीचे सड़क पर गिर पड़ा। इस घटना में सिर पर चोट लगने की वजह से उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। पता चला है कि वह आशा वर्कर सुपरवाइजर सत्यभामा भांडारकर का इकलौता बेटा था। घटना के संदर्भ में सालेकसा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।



# खेत में बिजली गिरने से किसान की मृत्यु

**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव तहसील के ग्राम बोडदे करड में आसमानी बिजली गिरने से एक किसान की खेत में ही मृत्यु हो गई। यह घटना 26 जुलाई को दोपहर 2.30 से 3 बजे के दौरान हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोडदे निवासी किसान रोहिदास लहानु हुमने (53) बुधवार को अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान उसके उसपर बिजली गिरी, जिससे उसकी खेत में ही मृत्यु हो गई। घटना के संदर्भ में अर्जुनी मोरगांव के तहसीलदार अनिरुद्ध कांबले ने जिलाधिकारी को प्राथमिक रिपोर्ट प्रेषित की है। मृतक किसान के परिवार में पत्नी शोभा, पुत्र आयुष का समावेश है।

# रक्तदान कर बचाई मासूम की जान

**गोंदिया**-बी. जी. डब्ल्यु. अस्पताल गोरेगांव निवासी आरती पटले को प्रसुती के लिए भर्ती किया गया था। इस दौरान उसने एक नन्हें बच्चे को जन्म दिया। जिसे डॉक्टर द्वारा बी निगेटिव रक्त की कमी बताई गई। जो हजारों में किसी एक में पाया जाता है। मरीज के परिजनों ने सलमान पठान से संपर्क किया। जिस पर पठान ने रक्तमित्र विनोद चांदवानी (गुड्डु) से संपर्क कर इसकी सूचना दी। चांदवानी ने अपनी नियमित निगेटिव रक्तदाता सूची से गोंदिया निवासी आशु बठेजा से संपर्क किया। तब आशु ने बगैर समय गंवाए लोकमान्य ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान कर मासूम बच्चे की जान बचाई। आशु को लोकमान्य ब्लड बैंक में प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। जिस पर पटले परिवार ने रक्तदाता आशु बठेजा का आभार माना।

# पीएचसी में मरीजों को बांटे फल



**तिरोडा**-गोंदिया तहसील के ग्राम एकोडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अण्णाभाऊ साठे बहुउद्देशीय सेवा संस्था द्वारा ग्राम पंचायत सदस्य पुरुषोत्तम भदाडे की अध्यक्षता में पूर्व उपसरपंच किरणकुमार मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रकुमार (मुन्ना) बिसेन, ग्राम पंचायत सदस्य दिपक रिणायत, राकेश बिसेन, वैद्यकीय अधिकारी डा. विवेकानंद चाचेरे, डा. हिमांशु शर्मा, स्वास्थ्य सहायक संजय भोंदे, स्वास्थ्य सेविका सुषमा सार्वे, उमा हट्टेवार की उपस्थिति में मरीजो को फल वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अण्णाभाऊ साठे बहुउद्देशीय सेवा संस्था के अध्यक्ष राजेशकुमार तायवाडे, उपाध्यक्ष आरिफ पठाण, सचिव टेकसिंह पुसाम, कोषाध्यक्ष फुलवंता ठाकरे, सदस्य दिलिप देशमुख व पोर्णिमा राजेशकुमार तायवाडे ने सहयोग किया।

# बेरोजगार युवाओं ने किया सरकार के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन

**बुलंद गोंदिया**-अनगिनत बेरोजगार युवा अपना खून पसीना एक कर डीएड, बीएड का अध्ययन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार शिक्षक बनने का सपना देख रहे इन युवाओं के सपनों को पूर्णविराम देकर उनके भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। बेरोजगार युवाओं को अवसर से वंचित कर जिला परिषद स्कूलों में पारिश्रमिक अनुबंध के आधार पर सेवानिवृत्त शिक्षकों को नियुक्त करने का सरकारी निर्णय अनुचित है। इस निर्णय को रद्द करने के लिए और सरकार की गलत नीतियों के विरोध में संविधान मैत्री संघ, युवा ग्रेजुएट फोरम, सर्वसमाज विचार मंच और विभिन्न सामाजिक शैक्षणिक संगठनों ने एक ही दिन और एक ही समय पर गोंदिया जिले के प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इसके पश्चात प्राधिकृत अधिकारियों के माध्यम से सरकार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि जिला परिषद स्कूलों में सेवानिवृत्त शिक्षकों की अनुबंध नियुक्तियां नहीं की जानी चाहिए, पवित्र पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिय तुरंत शुरू की जाए, 80 प्रतिशत (55000 शिक्षकों की रिक्त पदों की भर्ती की जाए, विभागीय भर्ती (विभागीय) नियमित मेरिट सूची यदि सरकार के विचाराधीन है तो रद्द की जाए, मेरिट सूची केंद्रीय स्तर पर बनाई जाए, मांग की गई कि वेटिंग लिस्ट निकाली जाए, सभी श्रेणियों का बैकलॉग भरा जाए और उन श्रेणियों में अतिरिक्त सीटों का मसला तुरंत सुलझाया जाए। गोंदिया में प्रशासनिक भवन के डा. आंबेडकर चौक परिसर में भव्य प्रदर्शन किया गया और कलेक्टर गोतमारे के माध्यम से सरकार को एक ज्ञापन दिया गया। इस समय अतुल सतदेवे, उमेश कटरे, वसंत गवली, सुनील भोंगाडे, रवी भांडारकर, उमेश दमाहे, नितेश उदापुरे, हितेश सिंगन जुड़े, मुकुंद परिहार, निहाल बिसेन, रस्मी येसनसुरे, हंसा बावनकर, आकाश कोल्हे, भेजेंद्र तुरकर, रमा चुटे, मृणाली खांडेकर, तनुजा शेंडे, हीना बोपचे, लता पारधी, रविकांता बिसेन, पंचशीला पानतावणे, शोभा ठाकरे, पंकज ठाकरे, छत्रपाल रहांगडाले, नीलेश बच्छेरे, मनीष चावके, नईम शेख, भूपेंद्रकुमार सुर्यवंशी, उमेश पटले, नंदकिशोर पटले, महेशकुमार फुंडे, मुकेश आंबाडारे, विजय पारधी, विनय हिरकने, चित्रसेन गौतम आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। उसी प्रकार अन्य तहसील मुख्यालयो पर विरोध प्रदर्शन किया गया तथा तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया।



# बीडीओ पवार के कक्ष को सभापति ने जड़ा ताला हमेशा बगैर बताए अवकाश पर चले जाते हैं बीडीओ

**बुलंद गोंदिया**-गोरेगांव पंचायत समिति के बीडीओ अजितसिंह पवार के कक्ष को पंचायत समिति सभापति मनोज बोपचे द्वारा ताला जड़ने का मामला 26 जुलाई को दोपहर के दौरान हुआ। कक्ष को ताला जड़ने का कारण यह बताया गया है । कि बीडीओ अजितसिंह पवार हमेशा बिना बताए अवकाश पर चले जाते हैं जिससे समय पर नागरिकों के काम नहीं हो पाते। बता दें कि अजितसिंह पवार यह गोरेगांव पंचायत समिति में बीडीओ के पद पर कार्यरत है। वहीं इंजीनियर मनोज बोपचे यह पंचायत समिति सभापति पद पर विराजमान है। सभापति मनोज बोपचे का कहना है कि बीडीओ पवार पिछले 5 से 6 माह के बीच कई बार अवकाश पर रहे। जब वे अवकाश समाप्ति के बाद लौटते है तो पंस की सर्वसाधारण सभा तथा नियमित कार्यालय में उपस्थित नहीं होते। 20 जुलाई से वे किसी को बगैर बताए अवकाश पर चले गए हैं। जब यह मामला जिप, पंस विभाग सहित राजनीतिक क्षेत्रों में गुंजा तो विभिन्न चर्चाएं शुरू हो गई है। इस संदर्भ में प्रस्तुत प्रतिनिधि ने जब बीडीओ अजितसिंह पवार के मोबाइल पर संपर्क कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनकी ओर से किसी भी प्रकार का प्रतिसाद नहीं मिला।




# पुलिस ने नागरिकों से की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

**बुलंद गोंदिया**-जिला पुलिस अधिक्षक निखील पिंगले एवं अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में नक्सल दमन विरोधी सप्ताह के अंतर्गत सशस्त्र दुर क्षेत्र दरेकसा की ओर से आदिवासी समाज सभागृह धनेगांव में ग्रामीणों के लिए कृषि मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया।



इस शिविर में सालेकसा के कृषि सहायक पवार एवं कोहाट ने दरेकसा क्षेत्र किसानों को खरीप फसल के संबंध में मार्गदर्शन किया।

इस शिविर में लगभग 95 किसान पुरूष एवं महिलाएं उपस्थित थे। इस दौरान परिसर के नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने का आव्हान किया गया। इस मार्गदर्शन शिविर में सशस्त्र दुर क्षेत्र दरेकसा के प्रभारी अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक हर्षल भोले, पुलिस उपनिरीक्षक गजानन कोडामंगले तथा सशस्त्र दुरक्षेत्र दरेकसा के जिला पुलिस एवं राज्य आरक्षित पुलिस बल के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ पत्रकार रवि सोनवाने, ध्रुव हुकरे एवं गांव के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।


# किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बुलंद गोंदिया**-देवरी तहसील के ग्राम पंचायत गोटाबोडी अंतर्गत आवरीटोला में 25 जुलाई की सुबह एक किसान द्वारा खेत में पेड़ से लटककर आत्महत्या की है. किसान का नाम श्रीकृष्ण जगन भोयर (36) बताया गया है. मिली जानकारी के अनुसार श्रीकृष्ण भोयर सुबह 8 बजे खेत में यह कहकर गया था कि वह खेत में रोपाई का काम करने जा रहा हैं. वह मजदूरों के साथ खेती का काम कर रहा था. इसी बीच उसने पानी का इंजन बंद करके आता हु ऐसे मजदूरों को बताया. आधे घंटे बाद जब वह नहीं लौटा तो मजदूर और उसके चचेरे भाई ने उसकी तलाश शुरू की. इसी बीच वह खेत के नाले के पास अंजना के पेड़ पर नायलॉन की रस्सी से लटका हुआ मिला. मजदूरों ने उसे नीचे उतारकर इलाज के लिए ग्रामीण अस्पताल देवरी लाया. जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. देवरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार ग्यानीराम करंजेकर कर रहे हैं.



# गड्ढों से पटा ढीमरटोली- गणखैरा रोड

**गोरेगांव** -गोरेगाव तहसील के ढिमरटोली-गणखैरा, सिलेगांव - कुरहाडी यह गोरंगांव मार्ग तहसील के 40-50 ग्रामों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। सटवा, चिचगांव, मेंगाटोला, बाघोली, कटंगी आदि ग्राम के लोग इस मार्ग से आना-जाना करते है। इस मार्ग से दोपहिया के अलावा, ट्रैक्टर, ट्रक सहित अन्य वाहन जाते हैं। गत 20-25 वर्षों से नया निर्माण कार्य तथा मार्ग को दुरुस्त भी नहीं किया गया है। इस समस्या को लेकर विधायक विजय रहांगडाले तथा सांसद सुनील मेंढे से क्षेत्रवासियों ने संपर्क किया है। उक्त मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से मंजूर होने की चर्चा भी लोगों में शुरू है। लेकिन काम शुरू होने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं।, इस मुख्य मार्ग पर वाहनों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। यह मार्ग मुख्य होने से यहां पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। फिर भी इस मार्ग की ओर अनदेखी की जा रही है। मार्ग पर गड्ढे होने से लोगों को वाहन चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका भी जताई जा रही है। सार्वजनिक निर्माणकार्य विभाग से जल्द से जल्द इस मार्ग दुरूस्त करने की मांग को-ऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर व भाजपा के रेखलाल टेंभरे ने की है।



स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।